# पाठ – संधि

**वृद्धि संधि, यण संधि और अयादि संधि के कुछ उदाहरण दिए गए हैं । इनको अच्छी तरह याद करके कॉपी में लिखिए ।**

(ग) **वृद्धि संधि**–जब पहले शब्द के अंत में अ या आ हो तथा दूसरे शब्द के आरंभ में ए/ऐ अथवा ओ/औ आए, तब दोनों मिलकर ऐ और औ हो जाते हैं। इसे वृद्धि संधि कहते हैं; जैसे–

| | | |
|---|---|---|
| अ + ए = ऐ | लोक + एषणा = लोकैषणा | एक + एक = एकैक |
| आ + ए = ऐ | सदा + एव = सदैव | तथा + एव = तथैव |
| अ + ऐ = ऐ | मत + ऐक्य = मतैक्य | धन + ऐश्वर्य = धनैश्वर्य |
| आ + ऐ = ऐ | महा + ऐश्वर्य = महैश्वर्य | विद्या + ऐश्वर्य = विद्यैश्वर्य |
| अ + ओ = औ | परम + ओज = परमौज | परम + ओजस्वी = परमौजस्वी |
| आ + ओ = औ | महा + ओज = महौज | जल + ओषधि = जलौषधि |
| अ + औ = औ | वन + औषध = वनौषध | परम + औषध = परमौषध |
| आ + औ = औ | महा + औदार्य = महौदार्य | महा + औषध = महौषध |

(घ) **यण् संधि**–यदि पहले शब्द के अंत में इ/ई, उ/ऊ या ऋ हो और दूसरे शब्द के आरंभ में कोई अन्य स्वर हो, तो दोनों के मेल से क्रमशः य्, व् या र् हो जाता है। इसे यण् संधि कहते हैं; जैसे–

इ/ई + अन्य स्वर = य्

| | |
|---|---|
| अति + अधिक = अत्यधिक | अति + आवश्यक = अत्यावश्यक |
| नदी + अर्पण = नद्यर्पण | अति + अंत = अत्यंत |
| नदी + आगमन = नद्यागमन | अधि + एता = अध्येता |

उ/ऊ + अन्य स्वर = व्

| | |
|---|---|
| अनु + अय = अन्वय | सु + इच्छा = स्वेच्छा |
| अनु + इत = अन्वित | सु + आगत = स्वागत |

ऋ + अन्य स्वर = र्

| | |
|---|---|
| मातृ + आनंद = मात्रानंद | पितृ + आज्ञा = पित्राज्ञा |

(ङ) **अयादि संधि**–यदि पहले शब्द के अंत में ए/ऐ अथवा ओ/औ और दूसरे शब्द के आरंभ में भिन्न स्वर आए, तो क्रमशः ए का अय्, ऐ का आय्, ओ का अव् तथा औ का आव् हो जाता है। इसे अयादि संधि कहते हैं; जैसे–चे + अन में ए + अ = अय = चयन।

अन्य उदाहरण–

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ए + अ | = | अय | ने + अन | = | नयन | शे + अन | = | शयन |
| ऐ + अ | = | आय | नै + अक | = | नायक | | | |
| ऐ + इ | = | आयि | गै + इका | = | गायिका | | | |
| ओ + अ | = | अव | भो + अन | = | भवन | पो + अन | = | पवन |
| | | | हो + अन | = | हवन | | | |
| ओ + इ | = | अवि | भो + इष्य | = | भविष्य | पो + इत्र | = | पवित्र |
| औ + अ | = | आव | भौ + अन | = | भावन | पौ + अक | = | पावक |
| औ + इ | = | आवि | नौ + इक | = | नाविक | | | |
| औ + उ | = | आवु | भौ + उक | = | भावुक | | | |